भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 754

उत्तर देने की तारीख 23.07.2026

महाराष्ट्र में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का कार्यकरण

754. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में स्वीकृत, निर्माणाधीन और कार्यशील एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ठाणे जिले/भिवंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनजाति बहुल क्षेत्रों में एक नया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए स्वीकृत, जारी और खर्च की गई कुल निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत, निर्माणाधीन तथा कार्यशील एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की जिला-वार कुल संख्या निम्नलिखित है:

क्र.सं.	जिला	स्वीकृत ईएमआरएस	कार्यशील ईएमआरएस	निर्माण कार्य पूर्ण	निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में
1	अहमदनगर	1	1	1	-
2	अमरावती	2	2	2	-
3	चंद्रपुर	1	1	1	-
4	धुले	2	2	1	1
5	गढ़चिरौली	7	7	2	5

6	गोंदिया	1	1	1	-
7	नागपुर	1	1	1	-
8	नांदेड़	1	1	1	-
9	नंदुरबार	6	6	2	4
10	नासिक	8	8	5	3
11	पालघर	7	5	2	5
12	ठाणे	1	1	1	-
13	यवतमाल	1	1	1	-
	कुल	**39**	**37**	**21**	**18**

(ख) ठाणे जिले के शाहपुर खंड (ब्लॉक) में एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्वीकृत किया गया है, जो कार्यशील है। इस संबंध में कोई अतिरिक्त प्रस्ताव मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

(ग) एवं (घ) पिछले 5 वर्षों के दौरान, महाराष्ट्र राज्य को ईएमआरएस हेतु स्वीकृत तथा जारी निधि का ब्यौरा निम्नलिखित है:-

वित्तीय वर्ष	**लाख रुपये में**
2020-21	2,337.16
2021-22	3,000.00
2022-23	6,702.88
2023-24	2,667.16
2024-25	12,860.57
2025-26	12,853.40

*****